Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 17-05-2022 अंक 228

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रसोइया धमना पंचायत के नौ वार्ड का चुनाव परिणाम घोषित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रसोइयाधमना वार्ड नं -1 शमशेर अली 117 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार राणा से 51 मतों के अन्तर से विजयी हुए। रसोइयाधमना वार्ड नं - 3 भिखारी महतो 156 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी गिरजा देवी से 44 मतों के अन्तर से विजयी हुए। रसोइयाधमना वार्ड नं -4 पूनम राज 141 मत प्राप्त कर निक. टतम प्रतिद्वंदी सुमन देवी से 84 मतों के अन्तर से विजयी हुए। रसोइयाधमना वार्ड नं -5 आरती कुमारी 122 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी प्रमेश्वर प्रसाद से 14 मतों के अन्तर से विजयी हुए ।रसोइयाधमना वार्ड नं -6 जमनी देवी 142 मत प्राप्त कर निक. टतम प्रतिद्वंदी रेखा देवी से 18 मतों के अन्तर से विजयी हुई ।रसोइयाधमना वार्ड नं -7 फ़हमीदा खातून 172 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी तब्बसुम खातून से 24 मतों के अन्तर से विजयी हुई। रसोइयाधमना वार्ड नं -8 शबनम प्रवीण 166 मत प्राप्त कर निक. टतम प्रतिद्वंदी रिंकी देवी से 34 मतों के अन्तर से विजयी हुई ।रसोइयाधमना वार्ड नं -10 वीरेंद्र साव 158 मत प्राप्त कर निक. टतम प्रतिद्वंदी पूजा कुमारी से 11 मतों के अन्तर से विजयी हुई । रसोइयाधमना वार्ड नं -13 रीता देवी 112 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी पूनम देवी से 20 मतों के अन्तर से विजयी हुई।

## बेन्दगी से सिकंदर राणा, रसोइया धमना से गोविंद प्रसाद बरही पश्चिमी पंचायत से शमशेर आलम व बरही पूर्वी से मीनू देवी मुखिया हुए निर्वाचित


सिकन्दर राणा


गोविन्द प्रसाद


शमशेर आलम


मीनू देवी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद हज़ारीबाग़ स्थित कृषि बाजार समिति में मतगणना की जा रही है। मंगलवार को बेन्दगी , रसोइया धमना, एवं बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति की का चुनाव परिणाम घोषित किया गया। रसोइया धमना पंचायत से मुखिया उम्मीदवार गो. विन्द प्रसादन 1637 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मो तस्लीम को 478 मतो से हराकर विजय हुए। वही बेन्दगी पंचायत से मुखिया उम्मीदवार सिकन्दर राणा ने 645 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी दिनेश कुमार 22 मतो के अंतर से विजयी हुए। बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया उम्मीदवार शमशेर आलम में 971 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी राजकुमार प्रसाद केशरी को 224 मतो के अंतर से विजयी हुए। बरही पूर्वी से मीनू देवी मुखिया पद के लिए निर्वाचित हुई है। उन्होंने 1398 मत प्राप्त कर अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी मालती देवी को पराजित की। रसोइया धमना पंचायत समिति से मो तैयब ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी अनुज कुमार को 122 मतो से हराया। वही बेन्दगी पंचायत से कलावती देवी पंचायत समिति पद के लिए निर्वाचित हुई हैं।

## बेन्दगी पंचायत के सात वार्ड का रिजल्ट घोषित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

हज़ारीबाग़ के कृषि बाजार समिति में हुए मतगणना में बेन्दगी से 7 वार्ड का परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार बेंदगी वार्ड नं -2 मनोज कुमार साव 116 मत प्राप्त कर निक. टतम प्रतिद्वंदी सुरेंद्र साव से 2 मतों के अन्तर से विजयी हुए बेंदगी वार्ड नं -3 फूलमतीया देवी 115 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी सरिता देवी को 21 मतों के अन्तर से विजयी हुई। बेंदगी वार्ड नं -5 पूनम देवी 92 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी सरयू भुईया से 33 मतों के अन्तर से विजयी हुई। बेंदगी वार्ड नं -6 सविता देवी 233 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी सविता देवी से 119 मतों के अन्तर से विजयी हुई। बेंदगी वार्ड नं -7 अशोक कुमार राणा 141 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी रेखा देवी से 31 मतों के अन्तर से विजयी हुए। बेंदगी वार्ड नं -9 सुनील कुमार यादव 122 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी निरंजन सिंह से 24 मतों के अन्तर से विजयी हुए। बेंदगी वार्ड नं -10 सुमन कुमारी 75 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी नेहा कुमारी से 34 मतों के अन्तर से विजयी हुई।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बाजार समिति उत्पादन केंद्र के मतगणना केंद्र का किया भ्रमण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नैंसी सहाय ने बाजार समिति उत्पादन केंद्र में चल रहे पंचायत चुनाव के मतगणना केंद्र का दौरा किया। उन्होंने सभी 5 प्रखंडों के लिए बनाए गए मतगणना केंद्रों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए गर्मी के बाबत सभी मतदान कार्यो में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए पानी, भोजन,पंखा आदि को सुगम तरीके से व्यवस्थित करने को कहा। इस दौरान बाजार समिति उत्पादन केंद्र परिसर में अवस्थित प्रशासनिक भवन में उपायुक्त सामान्य प्रेक्षक (बरही अनुमंडल क्षेत्र) रवि रंजन कुमार विक्रम एवं उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सीसीटीवी के माध्यम से चल रहे तमाम मतगणना के गतिविधियों का जायजा लिया एवं मौके पर मौजूद मीडिया से भी मुखातिब होते हुए मतगणना कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।

## युवा पत्रकार अमित सोनी की पत्नी बनी वार्ड तीन की विजेता

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही : युवा तेजतर्रार और सौम्य महिला युवा पत्रकार अमित कुमार सोनी की धर्मपत्नी सिंकी देवी बरही पश्चिमी पंचायत के वार्ड 0 3 से विजेता बनी है । लोगो ने उनपर विश्वास करते हुए अपना स्नेह दिया । उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुदामा देवी को 81 मतो से परा. जीत किया है । जीत का संपूर्ण श्रेय वार्ड 03 की जनता को देते हुए उपमुखिया के लिए दावा प्रस्तुत किया है । इनकी जीत पर इनके शुभेच्छुओ ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दि आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा आई स्टैंड फोर पीस अभियान के तहत शर्बत स्टाल का शुभारंभ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




वर्तमान समय में पूरा विश्व नफरतों की आग में झुलस रहा है। अफगानिस्तान हो या श्रीलंका।यूक्रेन हो या रूस।मानवता त्राहि–त्राहि करती है। पूरा विश्व भले लोगों से भरा है।जब चंद लोग नफरत, घृणा, विद्वेष फैला सकते हैं तो क्या तमाम अच्छे लोग प्रेम और शांति नहीं फैला सकते हैं।आइये आगे बढ़ें।इस दूनिया को पहले से बेहतर बनायें। शांति और प्रेम बढ़ाने में अपनी भूमिका तय करें। उक्त बातें रखते हुए दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के ष्आई स्टैंड फोर पीसष अभियान का हजारीबाग में शुभारंभ किया।इस अभियान का उद्देश्य विश्व शांति एवं आम जनमानस में एक सकारात्मक सोच और युवाओं को सेवा के माध्यम से रचनात्मक कार्यो में जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी, अध्यात्मिक एवं हजारीबाग में गायत्री परिवार के संस्थापक सदस्य श्री डुंग. रमल जैन एवं आकाशवाणी हजारीबाग के प्रमुख श्री अभ्रो चौधरी ने किया।अन्य सहयोगियों में मो0 शाहनवाज हुसैन,मा0 सरफराज हैदर, गीता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, मुन्ना तिवारी,भोला गुप्ता,रवि जायसवाल ,अपील,दीपक सोनी,आयुष राज एवं तन्मय सोनी उप. स्थित रहें।

## विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के विभिन्न वैवाहिक समारोह में शिरकत की

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल हुए एवं नवविवाहित दंपति से मुलाकात कर सुखमय दांपत्य जीवन की शुभक. ।मनाएं दीद्य अंबा प्रसाद ने इस क्रम में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गोसाई बलिया निवासी दैनिक अखबार पत्रकार उग्रसेन गिरी के यहां पुत्र की शादी समारोह प्रीतिभोज में शामिल हुई एवं ग्राम नापोखुर्द निवासी गणेश राम के यहां प्रीतिभोज में शामिल हुई । विधायक अंबा प्रसाद ने दोनों को सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

## बड़कागांव में 90 लोगों को निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने जाने का प्रमाण पत्र दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

ग्राम पंचायत चंदौल वार्ड 04 से मो.शमशेर अंसारी निर्विरोध वार्ड सदस्य निर्वाचित हुवे। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया । मौके पर वार्ड सदस्य मो शमशेर अंसारी ने चंदौल पंचायत के सभी जनता को आभार प्रकट किया। मौके पर विनोद यादव, पुंदौल अंजुमन के सदर मो नौशाद, सेक्रेटरी मो कलाम, मो रफीक, मो अलाउद्दीन, मो असरफ, राहुल पा. सवान, रोहित शर्मा, अतामुल हक,मो इब्राहिम, विकास कुमार पांडेय, दिनेश्वर पासवान अवधेश सिंह,सुरेश चौधरी एवम अन्य लोगों ने खुशी जाहिर कर बधाई दी है। बताते चलें कि प्रखंड में लगभग 100 वार्ड सदस्य प्रत्याशी वार्ड सदस्य पद के लिए निर्विरोध चुने गए। जिसमें लगभग 90 लोगों को निर्विरोध चुनाव जीतने का निर्वाचि पदाधिकारी सह बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे, रवि रंजन, भास्कर राज की उपस्थिति में प्रमाण पत्र दिया गया।

## जिला परिषद प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क :–मुस्तकीम अन्सारी

### निर्वतमान में जिला परिषद प्रतिनिधि रह चुके हैं

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**मुनताज अंसारी**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तीसरे चरण में होने वाले वोटिंग प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार करना शुरू कर दिया है। बता दें कि बिरनी प्रखंड के भाग स0 22 के जिला परिषद उम्मीदवार मुस्तकीम अंसारी ने मंगलवार को बलिया पंचायत के खाखीपिपर में ग्रामीण के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। वही बताया कि इस जनसंपर्क अभियान में खाखीपिपर के ग्रामीणों ने एक स्वर में जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार मुस्तकीम अंसारी को जिला परिषद बनाने का संकल्प लिया। इस जनसंपर्क में महिला पुरुष आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिला परिषद प्रत्याशी जनता के साथ कर रहे तूफानी जनसंपर्क सूरज सुमन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी जोरों पर चल रहा है जिसमें तीसरे चरण के लिए भी तैयार प्रत्याशी ने कर ली है जिसमें प्रत्याशियों ने अपना किस्मत आजमाने के लिए चुनाव में नामांकन करवा चुके हैं बता दें। बिरनी के भाग संख्या 22 के जिला परिषद उम्मीदवार सूरज चौहान उर्फ रामधनी वर्मा जनता के साथ तूफानी जनसंपर्क लगातार कर रहे हैं बता दें कि जिला परिषद प्रत्याशी सूरज सुमन उर्फ रामधनी वर्मा ने जनता से अपील किया कि एक बार हमें मौका देकर जिला परिषद बनाए ताकि इस भाग में भ्रष्टाचार के नामो. निशान मिटा सकूं। क्योंकि देखा जाए तो बिरनी भाग संख्या 22 में विकास में बहुत पीछे हैं। अगर मैं विजय होता हूं तो बिरनी में भाग संख्या 22 को विकास को तेज रफ्तार में कार्य करूंगा और जनता के साथ खड़ा रहूंगा









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## तीन दिवसीय दादी उत्सव प्रारंभ से पहले, दादी भक्तों ने दादी नाम की लगाई मेहंदी

### कार्यक्रम को लेकर समस्त मारवाड़ी समाज की महिलाएं अति उत्साहित है

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग शहर के मालवीय मार्ग स्थित रानी सती मंदिर में तीन दिवसीय दादी उत्सव के कार्यक्रम से पहले मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से देर शाम तक महिलाओं ने अपने हाथों में दादी नाम की मेहंदी रचाई। यूं तो जब बेटी अपने घर की ओर प्रस्थान करती है तब हाथों में मेहंदी लगा कर सोलह सिंगार कर घर को जाती है दादी के आगमन से पूर्व दादी की बेटियों ने अपने हाथों में दादी नाम की मेहंदी रचाकर दादी का स्वागत कर रही है। इसी बीच सभी महिलाएं ने दादी नाम कई भजन प्रस्तुत किया।समस्त मारवाड़ी समाज की मि. हलाओं में कार्यक्रम को लेकर अति उत्साहित नजर आ रहा है। महिलाएं मंगलवार को सुबह से ही दादी मंदिर में कार्यक्रम को लेकर जुटी रही। कार्यक्रम से संबंधित हर एक छोटी सी छोटी चीजें का बेहतर ध्यान रख रही है ताकि तीन दिवसीय दादी उत्सव में कोई त्रुटि ना रह जाए। तो वही कमेटी के पदाधिकारियों एवं समस्त दादी भक्तों में कार्यक्रम को लेकर एक अलग ही जुनून बन चुका है। सभी अपने निजी कार्य को समाप्त कर दादी मंदिर पहुंचकर कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा ले रहे हैं और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय दादी उत्सव हजारीबाग में ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा।

## प्रथम चरण की मतगणना चल रही कई जीते कई हारे

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में विगत 14मई को डाले गए प्रथम चरण के मतों की मतगणना आज मंगलवार सुबह आठ बजे से शूरू हो गई है जो कि बीस मई 2022तक चलेगी। बताते चलें कि प्रथम चरण में गिरिडीह अनुमंडल के दो प्रखंडों गिरिडीह और गांडेय में मतदान हुई थी और खोरिमहुआ अनुमंडल के जमुआ प्रखंड में मतदान हुई थी जिसका मतगणना कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर पचम्बा गिरिडीह में हो रही है। आज के मतगणना में आ. धिकारिक पुष्टि के अनुसार गांडेय प्रखंड के बड़कीटांड पंचायत की मुखिया प्रत्याशी रुकसाना ने 1259मत लाकर विजय हासिल की वही उसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोनी देवी ने 713मत लाकर दूसरे स्थान पर रहीं। जमुआ प्रखंड के करिहारी पंचायत से मुखिया प्रत्याशी संजय कुमार यादव ने जीत दर्ज किया और पंचायत समिति सदस्य पद पर मीना देवी ने जीत दर्ज किया। लेदा पंचायत से मुखिया पद पर शोभा देवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर शोभा कुमारी ने जीत दर्ज किया। पहाड़पुर पंचायत से मुखिया पद पर मुन्नी हेंब्रम और पंचायत समिति सदस्य पद पर रूपा मरांडी ने जीत दर्ज किया। सिंदवारियां पंचायत से मुखिया पद पर रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने जीत दर्ज किया। समाचार मिलने तक मतगणना जारी है और प्रत्याशियो की जीत की आधिकारिक पुष्टि नहीं आने के कारण शेष विजयी प्रत्याशीयों की सूची प्रकाशित नही किया जा सकता है।







